4 korba- bhoomi pg1_Layout 1 3/4/2024 11:41 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 विकास में श्रमिकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकताः देवांगन



## खबर संक्षेप

### 12वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 98 प्रतिशत रही उपस्थिति

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 4 मार्च को अंग्रेजी विषय का परीक्षा सम्पन्न हुआ। सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल पंजीकृत विद्यार्थी 10 हजार 207 हैं, जिनमें से 10 हजार 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी। इस प्रकार लगभग 98 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी परीक्षा केंद्रों में शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हुआ। परीक्षा में निरीक्षण के दौरान कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 11 को

**कोरबा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में 11 मार्च को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी शासकीय आईटीआई कोरबा कॉलेज में सुबह 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### शासकीय कार्य में लापरवाही, पटवारी को किया गया निलंबित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने पटवारी मोहन लाल कैवर्त्य को अपने पदीय क्षेत्र में शासकीय कार्यों के निर्वहन के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार बरपाली के प्रतिवेदन के आधार पर बरपाली तहसील के पटवारी हल्का नंबर 9 ग्राम पुरैना के पटवारी मोहन लाल कैवर्त्य को पदेन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण जारी कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इस हेतु कलेक्टर बसंत ने पटवारी के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन काल में पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय पसान नियत किया गया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### विशेष शिक्षकों की भर्ती के लिए 15 तक मंगाए गए आवेदन

**कोरबा।** जिला खनिज न्यास निधि मद कोरबा द्वारा कक्षा 1 से लेकर 8 तक के दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास का संचालन डिंगापुर में किया जाना है। इसके लिए विशेष शिक्षकों की भर्ती मानदेय के आधार पर की जाएगी। जिसमें विशेष शिक्षक मानसिक मंदता के 1 पद, विशेष शिक्षक श्रवण बाधित के 1 पद, विशेष शिक्षक दृष्टि बाधित के 1 पद, विशेष शिक्षक सीपी के 1 पद, स्पीच थेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट के 1 पद, फिजियोथैरेपिस्ट 1 पद, तथा शिक्षक संगीत 1 पद के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक आवेदक उपरोक्त पदों हेतु 15 मार्च तक साधारण, रजिस्टर्ड, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

### सहायक ग्रेड-तीन एवं भृत्य के पदों हेतु लिखित परीक्षा 10 को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा रिक्त पदों पर की जा रही भर्ती के अनुक्रम में सहायक ग्रेड-तीन, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 10 मार्च को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया कि सहायक ग्रेड-तीन, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रदेश पत्र, अभ्यर्थियों की सूची इत्यादी छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड की गई है।

# कोल कर्मियों को बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज अटेंडेंस की गणना से मिलेगा वेतन

## एसईसीएल प्रबंधन ने सभी एरिया में लागू की बायोमैट्रिक्स मशीन से अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अलग खबर

कोयला कर्मियों की अब हर महीने की वेतन की गणना बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज अटेडेंस से होगी। मार्च से इसे कोल माइंस में अनिवार्य रूप से लागू करते हुए एसईसीएल प्रबंधन ने इसमें कर्मचारियों की रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। इसके बाद अब एरिया स्तर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अनिवार्य रूप से लागू किए जाने की सूचना जारी की है।

एसईसीएल के एरिया दफ्तरों व कोयला खदानों में काम कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों की अटेंडेंस सैफ के जरिए मुख्यालय भेजा जा रहा है। इसके पहले इन अफसर-कर्मियों की मैन्यूअल तरीके से ही अटेंडेंस लग रहा था। अब एसईसीएल प्रबंधन ने अटेंडेंस में पारदर्शिता लाने सैफ सिस्टम को अपने एरिया व सब एरिया दफ्तरों में लागू किया था। इन सबके बीच बायोमेट्रिक मशीन से अटेंडेंस अब अनिवार्य कर दिया गया है। इसे मार्च से कोयला अफसरों व कर्मियों पर लागू कर दिया गया है। पूर्व में श्रमिक संगठनों के विरोध के बीच इसे लागू किया गया है। मगर कोरोनाकाल में संक्रमण के प्रसार में सहायक बनने की संभावनाओं के मद्देनजर बंद कर दिया गया। मगर अब एरिया स्तर पर यह सूचना जारी किया जा रहा है कि बायोमेट्रिक मशीन से कोयला अफसर व कर्मचारी रोजाना का अटेंडेंस लगाएं। साथ ही यह भी बताया है कि अब कोयला अफसर व कर्मियों के बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज अटेंडेंस के आधार पर हर महीने के वेतन की गणना होगी।

**खास बातें**

- 1 मार्च से सभी खदानों में लगने लगी है बायोमैट्रिक अटेंडेंस
- प्रबंधन ने कर्मचारी संघों को पहले ही दे दी थी जानकारी



### गेवरा प्रबंधन ने अपने कर्मियों को दी सूचना

एसईसीएल गेवरा एरिया के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने सूचना जारी करते हुए अफसर-कर्मियों को बायोमेट्रिक मशीन से अनिवार्य रूप से अटेंडेंस लगाने कहा है। पत्र में यह भी जानकारी दी है कि अब उनके बायोमेट्रिक मशीन में लगाए गए अटेंडेंस के आधार पर ही वेतन की गणना होगी। बायोमेट्रिक मशीन में सभी कर्मचारियों के पंजीयन की भी जानकारी दी गई है। ताकि इन्हें ऑनलाइन अटेंडेंस में कोई परेशानी नहीं आए।

## मामला महाराणा प्रताप नगर में आया सामने

# बिना सील व हस्ताक्षर लगे राशनकार्ड बांटने पहुंचे निगमकर्मी, लौटे वापस


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने राशनकार्ड के नवीनीकरण के बाद नए राशनकार्ड बांटने का काम शुरु हो गया है। कार्ड बांटने पहुंचे निगम कर्मियों को उस समय वापस लौटना पड़ा जब राशनकार्ड में न तो किसी अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर थे और न ही उक्त अधिकारी व नगरीय निकाय की सील मुहर लगी थी। मामला सामने आने के बाद निगम कर्मचारी राशनकार्ड लेकर वापस लौट गए। उक्त मामला नगर निगम के महाराणा प्रताप नगर के आवासीय परिसर में सोमवार को सामने आया।

सरकार बदलने के बाद पूर्व में बने एपीएल व बीपीएल, अंत्योदय और निराश्रित राशनकार्डों का नवीनीकरण कर नए स्वरुप में बांटने का आदेश जारी किया गया था। जिसके तारतम्य में राशनकार्डधारियों ने ऑनलाइन नवीनीकरण कराया। कुछ लोगों ने पीडीएस दुकान जाकर नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की। इसके लिए शासन द्वारा जारी निर्देश में यह उल्लेख था कि राशनकार्ड नगरीय निकाय क्षेत्र में नगर निगम के जोन कार्यालय से वितरण होगा। वहीं जनपद पंचायत क्षेत्रों में ग्राम पंचायत राशनकार्ड वितरण के लिए अधिकृत होंगी। इसके साथ ही यह भी निर्देश था कि राशनकार्डों में नगरीय निकाय के क्षेत्र में जोन प्रभारी के सील व मुहर के साथ उनके हस्ताक्षर रहेंगे। इसी तरह ग्रामीण अंचलों ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- नवीनीकरण के बाद नए कार्ड बांटने का काम हुआ शुरु



नया राशन कार्ड जिसमें नहीं लगी है सील।



राशन कार्ड का वितरण करने पहुंचे निगम के कर्मी।

### दो फोटो देना होगा हितग्राहियों को

राशनकार्ड लेने के दौरान प्रत्येक हितग्राहियों को अपना दो फोटो जमा करना होगा। एक फोटो राशनकार्ड में लगाया जाएगा और दूसरी फोटो नगर निगम के रिकार्ड में चस्पा रहेगी। दो फोटो जमा करने के साथ साथ हितग्राहियों को अपना पुराना राशनकार्ड भी जमा करना होगा। राशनकार्ड नवीनीकरण के दौरान यह भी निर्देश जारी हुए थे कि हितग्राहियों के मोबाइल नंबर में नए राशनकार्ड का पीडीएफ फाइल भेजा जाएगा पर हितग्राहियों के मोबाइल में नए राशनकार्ड का पीएडीएफ अब तक नहीं पहुंचा है।

### खाद्यान्न लेने नहीं होगी परेशानी

खाद्य विभाग के अनुसार जिन हितग्राहियों को उनके नए राशनकार्ड नहीं मिले हैं वह जोन कार्यालय या पंचायत में जाकर प्राप्त कर सकते हैं। जिन्हें नए राशनकार्ड नहीं मिले हैं उन्हें नया राशनकार्ड के मिलने तक पुराने राशनकार्ड से भी खाद्यान्न का वितरण होता रहेगा। खाद्य विभाग के मुताबिक हितग्राही नगरीय निकाय क्षेत्रों में जोन कार्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से जाकर राशनकार्ड के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### वितरण शुरु किया गया

नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायतों को नए राशनकार्ड का पीडीएफ भेज दिया गया है। नगरीय निकाय के राशनकार्ड में जोन अधिकारी और ग्रामीण अंचलों के राशनकार्ड में जनपद अधिकारियों के हस्ताक्षर व सील लगाए जाएंगे खाद्य विभाग ने सभी निकायों को राशनकार्ड का पीडीएफ उपलब्ध करा दिया है।

-**आशीष चतुर्वेदी**, जिला खाद्य अधिकारी

# ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों पर लगा 30 हजार का जुर्माना



कार्रवाई करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थाना व चौकी पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में 3 मार्च को थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ओवरस्पीड गाड़ी चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरणों में लगभग कुल 30 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। इन वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही भी किया जा रहा है। लगातार हो रहे सड़क हादसे में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और चालकों को समझाया गया कि ओवरस्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाएं और ना ही अपने परिचितों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे।

### 35 प्रकरणों में 861 लीटर कच्ची एवं 135 पाव देशी शराब जप्त

जिला पुलिस द्वारा शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया। अलग-अलग जगह पर कार्यवाही करते हुए 35 प्रकरणों में कुल 861 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 135 पाव प्लेन देशी मंदिरा शराब जप्त किया गया। कुल 35 लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। पुलिस के द्वारा जिले में जहां-जहां अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 6 किलो 600 ग्राम गांजा को जप्त किया गया।

# युवती को प्रेम जाल में फंसाकर आरक्षक ने किया अनाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक नाबालिक युवती को आरक्षक ने प्रेम जाल में फंसा लिया उसके साथ अनुबंध के तहत विवाह करते हुए 8 साल तक शारीरिक संबंध स्थापित किया। इस बीच पीड़िता दो बार गर्भवती हुई तो उसका जबरदस्ती गर्भपात भी करा दिया गया। पीड़िता द्वारा गर्भपात कराए जाने से मना करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। अब आरक्षक ने उसे धोखा देते हुए संबंध तोड़ दिया है जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की है।



विकास केशरवानी

विकास कुमार केशरवानी 26 वर्ष पिता स्व. पुरुषोतम केशरवानी मकान नंबर 18, वार्ड नंबर 21, बुधवारी बाजार का निवासी वर्तमान में राजनांदगांव के डीआरजी कैंप में आरक्षक क्रमांक 901 के रूप में पदस्थ है। उसने सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र में निवासरत एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर पीड़िता का 8 वर्षों तक दैहिक शोषण करता रहा। इस बीच विकास ने युवती का दो बार जबरदस्ती गर्भपात भी करा दिया और अब युवती से विवाह करने से इंकार कर दिया। मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी से दैहिक शोषण, जबरिया गर्भपात कराने के संबंध में शिकायत कर आरक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। जिले में युवा एवं ऊर्जावान अधिकारियों की टीम मौजूद है, जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने दूरस्थ इलाकों में पोस्टमार्टम (शव परीक्षण) केंद्र, मर्च्युरी, एंबुलेंस का संचालन करने, स्वास्थ्य, विद्युत और शिक्षा जैसी सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्कूलों में बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमित रूप से देने के निर्देश दिए। हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में ⏭ शेष पेज 3 पर



बैठक लेती सांसद ज्योत्सना महंत, उपस्थित कलेक्टर व एसपी।

### सांसद ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल, बाल्को, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एनएचएआई, एनएचपीडब्ल्यूडी, परिवहन, यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाएं जाएं। उन्होंने अधूरे मार्गों को शीघ्र पूरा करने, आवश्यकतानुसार सड़कों पर संकेतक लगाने, मरम्मत योग्य सड़कों का शीघ्रता से मरम्मत करने, धूल उड़ने वाले मार्गों पर नियमित पानी का छिड़काव करने तथा सड़क पर जाम लगने से रोकने के लिए भारी वाहन चलने वाले मार्ग के आसपास पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक ब्रेकर तथा संकेतक लगाने की बात कही।

## पेंशन फंड में लगातार हो रही कमी, देनदारी में हो रहा इजाफा

# कोयला कर्मियों को मिलने वाले पेंशन फंड की माली हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उद्योग में कार्यरत 4 लाख कर्मियों व सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को मिलने वाले पेंशन फंड की माली हालत ठीक नहीं है। देखने में आ रहा है कि वर्तमान में पेंशन फंड की परिसंपत्ति लगातार कम हो रही क्योंकि पेंशन मद में ज्यादा रकम जमा नहीं हो पा रहा है। वहीं लगातार पेंशन फंड का देनदारी दिनोंदिन बढ़ती जा रही जिसके चलते पेंशन फंड मे जमा रकम धीरे-धीरे खत्म हो रहा है और आने वाले प्रत्येक माह में पेंशन फंड और कमजोर हो रहा है क्योंकि पेंशन फंड का आवक और जावक रकम में दिनोंदिन तेज गति से अंतराल बढ़ता जा रहा है।

इसके साथ ही मौजूदा दस्तावेज कहते हैं कि पेंशन फंड भारी घाटे में जा रहा है। इस संबंध में प्रदेश एटक कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि कोयला उद्योग मे कार्यरत श्रम संगठन क्रमशः एटक, इंटक, बीएमएस, सीटू तथा एचएमएस ने कोयला कामगारों को थर्ड बेनिफिट (तृतीय लाभ) मिल सके इसके लिए काफी संघर्ष किया है। कोयला उद्योग में कार्यरत कामगारों को पहले सिर्फ कोयला खान भविष्य निधि एवं ग्रेच्यूटी का भुगतान होता था पर श्रमिक संगठनों ने सरकार पर दबाव डालकर कोयला खान पेंशन योजना को 31 मार्च 1998 से कोयला उद्योग में लागू करवाने का काम किया है। उन्होंने आगे बताया कि संयुक्त मोर्चे की सरकार जिसके भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम माह में अधिसूचना सं.एस.ओ.233 (ई) 20 मार्च 1998 के द्वारा, 31 मार्च 1998 से कोयला उद्योग मे कोल माइंस पेंशन स्कीम को लागू करने की तारीख नियत किया है। इस मसले पर दीपेश मिश्रा ने बताया कि शुरुआत में सिर्फ 3 श्रम संगठन एटक, इंटक एवं बीएमएस ने सरकार द्वारा लागू पेंशन योजना का समर्थन किया परंतु कुछ यूनियन इसके विरोध में थे क्योंकि उनका समझ में यह था कि सरकार ने पूरी तरह से थर्ड बेनिफिट के रूप में पेंशन स्कीम को लागू नहीं किया है उनका यह भी कहना था कि कामगारों को इससे कोई खास फायदा नहीं होगा बल्कि नुकसान हो जाएगा। इससे कोयला कामगारों में पहले बहुत भ्रम फैला जिससे बहुत सारे कामगारों ने पेंशन योजना में शामिल होने के लिए अपनी सहमति नहीं दी परंतु धीरे-धीरे कोयला कामगार इस स्कीम में शामिल होते गए इसके साथ ही पहले जो श्रम संगठन पेंशन योजना के खिलाफ में थे वे भी पेंशन योजना का समर्थन करने लगे। जिसके फलस्वरुप आज समस्त कोयला कामगार पेंशन योजना में शामिल हो गए है। वर्तमान में पेंशन फंड की स्थिति ठीक नहीं है और न ही सरकार इसमें कोई मदद करेगी सिर्फ कोयला प्रबंधन ही इस फंड को मजबूत कर सकती है इसके लिए सिर्फ कोयला प्रबंधन को यह तय करना है की कोयला का व्यापार कर प्रबंधन जो मुनाफा कमा रही है उसमें से सिर्फ 0.05 फीसदी रकम कोयला प्रबंधन अगर पेंशन फंड में देता है तो कोयला उद्योग मे कार्यरत या सेवानिवृत हुए कामगारों का भविष्य उज्जवल हो जाएगा।

# लोडर चालक ने पिकअप को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कुसमुंडा मार्ग में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों की कमी नहीं है। पुलिस लगातार ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही भी कर रही है लेकिन लापरवाह वाहन चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और लापरवाहीपूर्वक अपने वाहनों का चालन करते हैं। इसी कड़ी में कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत चर्च काम्प्लेक्स में एक लोडर आपरेटर ने लापरवाहीपूर्वक लोडर चलाते हुए पहले पिकअप वाहन को ठोकर मार दिया। जिसके बाद पिकअप वाहन ने एक बस को पीछे से ठोकर मार दिया। फिलहाल किसी की घटना में किसी को चोट नहीं आयी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैली बीबर की बहन एरोनो गिरफ्तार बारटेंडर पर फेंका टैम्पोन और बाउंसर



अभिनेत्री हैली बीबर की बहन और अभिनेता स्टीफन बाल्डविन की बेटी अलाया बाल्डविन एरोनो इन दिनों सुर्खियों में हैं। जानकारी के अनुसार, एरोनो को पिछले सप्ताहांत जॉर्जिया के सवाना में एक बार में झगड़े के बाद मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कथित तौर पर, उन्होंने एक बारटेंडर पर इस्तेमाल किया हुआ टैम्पोन फेंक दिया साथ ही कई बार कर्मचारियों पर भी हमला किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, सवाना पुलिस विभाग के अधिकारियों को लगभग 2:30 बजे सवाना शहर के क्लब एलान में भेजा गया था। बार प्रबंधक ने अधिकारियों को सूचित किया कि अलाया ने कथित तौर पर कई कर्मचारियों पर हमला किया था क्योंकि वे उन्हें बार से बाहर ले जा रहे थे। जब उन्होंने वहां टॉयलेट और उल्टी कर दी थी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि बार के सुरक्षा कैमरों ने एरोनो को एक बाथरूम का उपयोग करने की कोशिश करते हुए कैद किया जो केवल कर्मचारियों के लिए था। बार कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया और उन्हें सार्वजनिक बाथरूम में जाने के लिए कहा। उन्हें यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने उनसे झगड़ना शुरू कर दिया। बार का आरोप है कि वह बहुत ज्यादा हिंसक हो गई थीं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने एक बाउंसर के बाल खींचे और दूसरे की कमर में लात मारी।

एरोनो को बार से निकाल दिया गया, लेकिन वह नहीं गईं।

### टॉलीवुड

## नए प्रोजेक्ट पर जुटीं ऐश्वर्या रजनीकांत, फिल्म में नजर आ सकते हैं यह अभिनेता



ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर निर्देशक कॉलीवुड में नौ साल बाद वापसी की है। हालांकि, रजनीकांत के एक्सटेंडेड कैमियो के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस बीच, अब उनके एक नए प्रोजेक्ट के लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे अब अपने अगली फिल्म पर काम शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उनकी इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ नजर आ सकते हैं।

एक रिपोर्ट के दावों की मानें तो निर्देशक ने अभिनेता को फिल्म का वन लाइनर बताया है, जो सिद्धार्थ काफी पसंद आया है। कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या रजनीकांत की फिल्म की स्क्रिप्ट अगर अच्छी लगी तो इस फिल्म में सिद्धार्थ इसमें अहम किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

ऐश्वर्या की पिछली रिलीज फिल्म 'लाल सलाम' की बात करें तो यह एक पॉलिटिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में विक्रांत और विष्णु विशाल लीड रोल में दिखे थे। इसमें रजनीकांत और कपिल देव ने कैमियो रोल निभाया था। इसका संगीत मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने तैयार किया गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

वहीं, सिद्धार्थ आखिरी बार तमिल फिल्म 'चिट्ठा' में नजर आए थे।

### भोजपुरी

## खेसारी का अंदाज, बोले, 'मुझे किसी से बैर नहीं जो वतन का नहीं उसकी..'



भोजपुरी सिनेमा के गायक-अभिनेता खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'रंग दे बसंती' का दमदार ट्रेलर फिल्म के मेकर्स ने आज लांच किया है। देशभक्ति पर आधारित इस फिल्म में खेसारी लाल यादव एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो कश्मीर की वादियों से आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों पर कहर बनकर टूट पड़ता है। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अब देश का हिन्दू वह नहीं रहा, अब दुनिया की कोई ताकत उसके टुकड़े नहीं कर सकती है। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत कश्मीर की खूबसूरत वादियों से होती है जब एक आतंकवादी आर्मी की जीप को उड़ा देता है। फिल्म का नायक उस आतंकवादी को पकड़ लेता है और कहता है, 'मुझे किसी से बैर नहीं, लेकिन जो वतन का नहीं उसकी खैर नहीं। आतंकवादी कहता है, 'शेर जब पिंजरे में बंद होता है तो बच्चे उसे मूंगफली फेंककर मारते हैं।' हीरो कहता है, 'शेर नहीं, सुअर है हूं।' इस फिल्म के ट्रेलर में हिन्दुत्व की बात की गई है। फिल्म का नायक कहता है, 'हिन्दू वह नहीं, जो पहले हुआ करता करता था, अब दुनिया की कोई ताकत टुकड़ा टुकड़ा नहीं कर सकती है, जय श्रीराम।' फिल्म के ट्रेलर के ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि नायिका अपने पति को टीका लगाते हुए कहती है, 'मर्द क पहचान उकरा काम से होला, पत्नी से ना, फर्ज सर्वोपरि होला।' फिल्म का नायक अपनी पत्नी से कहता है, 'जानेलू काहे एक फौजी बॉर्डर पर दुश्मन क सामना कर पावेला, काहे कि फौजी के पत्नी क हौसला और साथ रहेला।' फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नायक कश्मीर घाटी में एक-एक आतंकवादी को चुन चुन कर मार रहा है। एक आतंकवादी कहता है, 'कौन हैं तू बे गुस्ताख।' नायक कहता है, 'तेरी मौत की परछाई, तेरी सल्तनत की तबाही हैं हम, तेरी हर नसल को बर्बाद कर देंगे। हिंद के सिपाही हैं हम।' काफी लंबे समय के बाद अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म के ट्रेलर में दमदार भूमिका में दिख रहे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव एक ऐसे फौजी की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है।

## रैम्प के बाहर का हुस्न

लाइफ स्टाइल



अमेरिका की समारा वीविंग और निकोल किडमैन जानी मानी मॉडल हैं। पिछले दिनों लॉस एंजेलिस के बैलेंसियागा फैशन ब्रांड के एक शो में इन दोनों मॉडल की चर्चा रैम्प के बजाए बाहर के गलियारों में ज्यादा रही। दरअसल, रैम्प पर हर मॉडल अपने पसंदीदा फैशन डिजाइनर के कलेक्शन के साथ उतरता है लेकिन रैम्प के बाहर ही अगर मॉडल की चर्चा ज्यादा होने लगे तो उसे क्या कहिए। इन दोनों मॉडल को सोशल मीडिया पर भी खूब हिट्स मिले।

## गर्मियों में लिपस्टिक का कलर चुनने में बरतें सावधानी



गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। बदलते मौसम में न सिर्फ आपके वॉर्डरोब में बदलाव की जरूरत होती है, बल्कि आपके कॉस्मेटिक्स खासकर फाउंडेशन, काजल, आईलाइनर और काजल के साथ लिपस्टिक को भी बदलने की जरूरत है। जो आपको सुंदर बनाने में मदद करते है।

**रेड लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** लाल रंग के शेड्स बोल्ड और ब्यूटीफुल माने जाते हैं। इसे व्हाइट या ब्लैक कलर के ड्रेस के साथ लगा सकते हैं। ये बोल्ड लुक देता है।

**बरगंडी कलर के लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** गर्मियों में आप बरगंडी कलर के लिपस्टिक या लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर सूट करता है।

**गुलाबी रंग के लिपस्टिक का करें चुनाव:** गर्मी में गुलाबी रंग के लिपस्टिक से बेहतर कुछ भी नहीं है। इसको लगाने से आप खूबसूरत और हसीन नजर आएंगी।

**ब्राउन लिपस्टिक का करें चुनाव:** ज्यादातर महिलाओं को पसंद आने वाले लिपस्टिक के रंगों में से एक है ब्राउन। इस तरह के शेड्स नियमित रूप से दिन और शाम की पार्टियों में आपकी सुंदरता को बढ़ा देंगे।

डार्क बेरी टोन करें ट्राई

डार्क बेरी टोन महिलाओं में सबसे लोकप्रिय लिपस्टिक है। इसमें लाइट और ड्रार्क कलर के लिपस्टिक शामिल होते है। ये आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं।

## नायरा कट सूट में चाहिए परफेक्ट लुक तो जरुर अपनाएं ये टिप्स



फैशन



जब भी कोई फेस्टिवल या फिर वेडिंग सीजन होता है तो मार्केट में काफी अच्छे डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के कपड़े देखने को मिलते हैं। जैसे की अगर आप मार्केट से सूट खरीदने जा रही हैं तो वहां पर आपको इतने सुंदर डिजाइन के सूट दिखेंगे, जिन्हें पहनना आप काफी पसंद करेंगे। नायरा कट सूट का फैशन भी काफी चल रहा है। कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जो इन्हें शादी या फिर ऑफिस में भी पहने नजर आती हैं। लेकिन आपको इसे पहनने से पहले कई सारी बातें जानना जरूरी हैं ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे। चलिए आपको इस आर्टिकल में इनकी जानकारी देते हैं।

### सूट फिटिंग का रखें ध्यान

नायरा कट सूट काफी खुले-खुले होते हैं। इसलिए कई सारी लड़कियां इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं कुछ को इसके स्लिट पसंद होते हैं इसलिए वो इन्हें वियर करती हैं। लेकिन अगर आप इसे ज्यादा लूज या फिर टाइट खरीदेंगी तो इसमें आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी फिटिंग का खास ध्यान रखें ताकि जब आप इसे वियर करें तो ये अटपटा न लगे बल्कि पहनने के बाद काफी अच्छा नजर आए।

### सूट को आयरन करके पहने

सूट अलग-अलग फेब्रिक के आते हैं लेकिन नायरा कट सूट ज्यादातर आपको रेयॉन फैब्रिक के मिलेंगे। इस तरीके के फैब्रिक (लेटेस्ट सूट डिजाइन) के कपड़े पहनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं जब उनमें अच्छे से प्रेस की गई हो। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने कपड़ों में अच्छे से प्रेस करें ताकि वो साफ और शाइनी लगे.। आपको बता दें कि कपड़ों को प्रेस करके पहनने से उनमें एक अलग ही चमक आ जाती है।

## नई दुल्हन पर खूब जचेंगी परंपरागत फैशन की साड़ियां



साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला पहनना पसंद करती है। चाहे महिलाएं किसी भी उम्र के पड़ाव पर पहुंच जाएं वो साड़ी पहनने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। आज का समय तो ऐसा है कि, एयर होस्टेज से लेकर हर जगह पर महिलाएं काफी गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। खासतौर पर अगर बात की जाए उन लड़कियों की, जिनकी नई-नई शादी हुई है, वो काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। ज्यादातर लड़कियों को साड़ी पहनकर सजना और संवरना काफी अच्छा लगता है।

**बनारसी साड़ी:** ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

**चिकनकारी साड़:ी** अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

**कांजीवरम सिल्क :** नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक अपनाइए दीपिका का अंदाज, लगेगा बेहद क्लासी



अपनी हर फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वालीं बॉलीवुड की धमाकेदार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आज ही उन्होंने और रणवीर सिंह ने अपने फैंस को एक गुड न्यूज दी है। दरअसल, दीपिका मां बनने वाली हैं और वो आगामी सितंबर के महीने में अपने बच्चे को जन्म देंगी। ये खबर आने के बाद उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें सोशल मीडियाा पर बधाईयां दे रहे हैं।

**साड़ी:** हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड शो के दौरान ही दीपिका को साड़ी में देखा गया। अक्सर वो इवेंट्स में साड़ी पहनकर ही जाती हैं। साड़ी में एक्ट्रेस इतनी खूबसूरत दिखती हैं, कि आप उन्हें देखकर उनपर से नजरें नहीं हटा सकते।

**सूट:** हर भारतीय महिला की तरह दीपिका भी पूजा-पाठ के दौरान सूट पहनना पसंद करती हैं। उनपर सूट लगता भी काफी खूबसूरत है। अक्सर इस तरह की तस्वीरें वो साझा करती रहती हैं।

**फ्लोरल ड्रेस:** दीपिका की तस्वीरों को देखकर लगता है, कि उन्हें फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद है। उनके पास इस तरह की काफी ड्रेस हैं। खास बात ये है कि उनपर ये फ्लोरल प्रिंट लगता भी काफी खूबसूरत है।

ऐसे में वो अक्सर इसे पहनती हैं।

कार्नर न्यूज

## बूट पहनने के नियम पर जरूर करें अमल, जिससे न हो कोई मिस्टेक

# बूट पहनें सलीके से, जींस के साथ रखेंगे मैचिंग तो लोग करेंगे आपकी तारीफ

*बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे। बूट्स के प्रकार बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। इनमें कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स, चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स जैसे कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं।*



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

### बूट्स और मोजों की मैचिंग

आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें। ऐसे सॉक्स न पहने, जो कि जूते से बाहर दिखाई पड़े।



4 korba-bhoomi pg3_Layout 1 3/4/2024 11:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### प्राथमिक अमरपुर में किया गया न्योता भोजन का आयोजन

**कटघोरा।** शासकीय स्कूल के बच्चों में अतिरिक्त पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति विकास योजना के तहत न्योता भोजन का अयोजान शासकीय शालाओ में आयोजित करने के निर्देश दिये गये है, जिसमें जनसमुदाय से कोई भी व्यक्ति, समाज सेवी, समुदाय के लोग मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण आहार स्कूल परिसर में खिला सकता है। इसी तारतम्य में न्योता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्राथमिक शाला अमरपुर में आज न्यौता भोज का कार्यक्रम किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला मोहनपुर के प्रधान पाठक विश्वनाथ कौसिक, कन्या प्राथमिक शाला मोहनपुर के प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार कौसिक व संकुल समन्वयक मोहनपुर के खेमचंद मार्को प्राथमिक शाला अमरपुर के प्रधान पाठक संदीप जायसवाल व सहायक शिक्षक मोहन ध्रुव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।आज के न्यौता भोजन को अमरपुर के पंच श्रीमती कौशिल्या यादव व उसके साथी श्रीमती शुकवारो बाई द्वारा दिया गया।

### पूर्व माध्यमिक शाला सिंघाली में न्योता भोजन का आयोजन



**कोरबा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी आईपी कश्यप, नोडल प्राचार्य पीएन उईके, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा अभिमन्यु टेकाम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पी साहू के प्रेरणा स्त्रोत एवं बी डी मिश्रा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला सिंघाली राम भुवन सिंह कंवर सीएसी ढेलवाडीह, खेमचंद मार्को, सीएसी मोहनपुर के मार्गदर्शन से न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सहयोगी के रूप में भवानी गोपाल, श्रीमती ममता बंजारे, रमेश दलपति, समारू बघेल, श्रीमती पुष्पा कंवर, श्रीमती पूर्णिमा, सुश्री गीतांजलि एवं सभी रसोइयों का विशेष योगदान रहा। न्योता भोजन का आयोजन, सावित्री कंवर, कांति कंवर, सरिता पटेल, सावित्री कंवर, सिया कंवर, प्रियंका कंवर, कंचन बाई कंवर, पंच कुंवर, अहिल्या कंवर गीता, गौरी पटेल, ललिता, शांति बाई,प्रिया, लैन कुंवर, प्रतिभा ने स्कूल परिवार का आभार जताया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय पाली महोत्सव का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 7 व 8 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव के पहले दिन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए महिला कलाकारों की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बॉलीवुड सिंगर, छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री व अन्य राज्य के स्थानीय महिला कलाकारों, बच्चों द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। पाली महोत्सव अंतर्गत आयोजन स्थल में निजी फर्म/संस्था अपना स्टॉल लगाने हेतु फर्म द्वारा 30 हजार रूपए निर्धारित शुल्क राशि पाली महोत्सव कोरबा के नाम से नगद राशि या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में जमा कर सकते हैं।

### समस्याओं को लेकर किसान सभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा ने किसानों और भूविस्थापितों की राजस्व समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर 7 मार्च को धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इस संबंध में किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत झा के नेतृत्व में भूविस्थापितों ने अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत झा ने आरोप लगाया है कि फौती, रोजगार सत्यापन, खसरा व नाम सुधार, नामांतरण, पत्रक में सुधार, अन्यंत्र भूमि प्रमाण पत्र, मुआवजा का स्पस्टीकरण, एवार्ड की कापी जैसे अत्यावश्यक कार्यों के लिए भी किसानों और भूविस्थापितों को पटवारी, तहसील कार्यालय से लेकर कटघोरा एसडीएम कार्यालय तक बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। कार्यालयों में इन छोटे-मोटे कामों के लिए भी भारी-भरकम राशि की मांग की जा रही है। इन अत्यावश्यक कार्यों के न होने या समय पर न होने से किसानों और भू-विस्थापितों को मुआवजा, रोजगार एवं शासकीय कार्यों में काफी परेशानी हो रही है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा जीवन दीप समिति की बैठक

# प्रत्येक मरीज को मिले स्वास्थ्य योजनाओं का पूरा लाभ : प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में सोमवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की अध्यक्षता जीवन दीप समिति की बैठक अस्पताल परिसर के सभागार में आहूत की गई। कटघोरा बीएमओ डॉ रुद्रपाल सिंह कंवर ने स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में स्वास्थ्य संबंधी वस्तुस्थिति की जानकारी देते हुए विशेष बिन्दुओं पर अपनी बात रखी। साथ ही कार्यरत जीवन दीप समिति के कार्यों के बारे में अवगत कराया।

बैठक में स्वास्थ्य केंद्र के कायाकल्प योजना (एमक्यूआर) के तहत समस्त भवन की रंगाई पुताई, विद्युत मरम्मत, प्रचार सामग्री तथा अन्य कार्य जो कराया गया उनके भुगतान की स्वीकृति के संबंध में चर्चा की गई। भवन के समस्त कक्षों के नलों व वॉश बेसिन, टॉयलेट की मरम्मत के संबंध में, वेस्ट डिस्पोजल के निबटान हेतु उचित व्यवस्था किया जाना तथा अस्पताल परिसर के गंदे पानी की निकासी हेतु नाली का निर्माण के संबंध में, अस्पताल के कर्मचारी व मरीजों की रात्रि कालीन सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में, एमसीएम भवन के ट्रांसफार्मर में मरम्मत व तड़ित चालक लगाए जाने के संबंध में, अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों के उपयोग हेतु अस्पताल भवन के बाहर अतिरिक्त शौचालय व स्नानागार निर्माण के संबंध में, संस्था में संचालित ओटी व लेबर वार्ड के सेंट्रल एसी का मरम्मत कार्य संस्था में विद्युत की गणना हेतु विद्युत विभाग द्वारा संस्था में अलग-अलग मीटर लगाए गए हैं उन्हें निरस्त कर एकल मीटर लगाए जाने के संबंध में तथा जीवनदीप समिति के व्यावसायिक परिसर के ऊपरी तल के नवनिर्मित दुकानों के नीलामी के संबंध के साथ अन्य आवश्यक विषयों पर अपनी विचार रखे गए जिसका उपस्थित सभी ने ताली बजाते हुए स्वागत किया। विधायक प्रेमचन्द पटेल ने बताया कि निश्चित ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो भी कार्य लम्बित है या नवीन कार्य किये जाना है। बैठक में अनुमोदित कर कार्यों को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में एसडीएम ऋचा सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रीमती भावना जायसवाल, श्रीमती लता कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत, मुरली साहू पार्षद उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित विधायक प्रेमचंद पटेल, बीएमओ व समिति के सदस्य।

### थाना प्रभारी ने सहयोग का दिया भरोसा

जीवन दीप समिति की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बीएमओ डॉ रुद्रपाल सिंह कंवर ने बताया कि अस्पताल परिसर में कुछ दिनों पूर्व रात्रि के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी का प्रयास किया गया साथ ही अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों को भी रात में सुरक्षा को लेकर भय बना रहता है। जिस पर कटघोरा थाना के नवपदस्थ थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने अस्पताल के डॉक्टरों को भरोसा दिलाया कि यदि इस प्रकार की कोई घटना होती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना में दें साथ ही होमगार्ड की व्यवस्था कराने की बात कही।

### मिलेगी डिजिटल एक्सरे की सुविधा

जीवन दीप समिति की बैठक में अस्पताल में संचालित डिजिटल एक्सरे की सुविधा पर 300 रुपये शुल्क पर विशेष चर्चा की गई जिसमें उपस्थित सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अब स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में बीपील हितग्राही परिवार को डिजिटल एक्सरे की सुविधा 300 रुपये की जगह अब 200 रुपए में दिया जाएगा तथा अन्य सामान्य श्रेणी के लिए 300 रुपये ही रहेगा।

### ये रहे बैठक में

कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के बारे में बताया साथ ही जीवन दीप समिति के आय-व्यय का विवरण से अवगत कराया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ यशवंत सिंह, ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के एसडीओ हर्ष कवीर, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता पैकरा, सीएमओ नगर पालिका ज्ञानपुंज कुलमित्र, उपाध्यक्ष नगर पालिका बजरंग पटेल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरी हीरानंद पंजवानी, पार्षद आत्मानारायन पटेल, जिला मंत्री संजय शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कटघोरा धन्नू प्रसाद दुबे, महामंत्री राजेन्द्र टण्डन, अभिषेक गर्ग, कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, मंत्री मनोज नायडू, बीएस कंवर, सतीश जायसवाल, टीकम राजपाल, डाकेस्वर शुक्ला, मनोज नायडू, मनोज दुबे, शशिकांत डिक्सेना, शारदा पाल, शिव प्रसाद गुप्ता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मॉडल में दिखा भारत की प्राचीन विरासत व सांस्कृतिक वैभव



प्रदर्शनी के दौरान उपस्थित छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सदियों से अनमोल सांस्कृतिक धरोहरों का केंद्र रहा है। इसे वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए जानना और समझना आवश्यक है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों को एक साथ एक रूप में प्रदर्शित करने का एक प्रयास विद्यालय प्रांगण में किया गया।

एके गुरुकुल महाविद्यालय रानी लक्ष्मीबाई उच्च माध्य विद्यालय व एके कंप्यूटर सेंटर एजुकेशन हब के तत्वाधान में जिले में पहली बार भारत दर्शन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम वाणिज्य उद्योग व श्रममंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों द्वारा हमारे देश में स्थित सभी राज्यों के सांस्कृतिक धरोहरों और ऐतिहासिक विरासत के बारे में जाना। पर्यटन स्थलों, प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक किले, राज्य की भाषा, उसकी लिपि, वहां के लोगों के रहन-सहन और वेशभूषा से अवगत हुए। इसके अलावा उन राज्यों के प्रथम मुख्यमंत्री, प्रथम राज्यपाल, राज्य की आय का साधन, वर्तमान मुख्यमंत्री व राज्यपाल जैसी जानकारियां साझा की गई। यह कार्यक्रम बच्चों द्वारा किया गया एक अनोखा प्रयत्न था। एके गुरुकुल ग्रुप के डायरेक्टर अक्षय कुमार दुबे ने कहा कि इस तरह की पहल से देश के जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने वाले आज के बच्चों को अपने देश और उसके गौरवशाली इतिहास को जानने-समझने में मदद मिल सकेगी। भारत दर्शन के माध्यम से बच्चों ने रोचक और आकर्षक मॉडल बनाकर अपने राष्ट्र के सांस्कृतिक वैभव, अनेकता में एकता का स्वरूप प्रस्तुत किया। उनकी मेहनत व प्रतिभा से हर्षित होकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा भारती इकाई की ओर से बच्चों को मेडल व शील्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# कलियुग में भगवान केशव का नाम संकीर्तन ही सार : पं. चन्द्रहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पं. चंद्रहास त्रिपाठी

- **स्वामी भजनानंद सरस्वती वनवासी आश्रम केंदई में शुरु हुआ श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा**

प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज के पुण्य स्मृति कृपा प्रसाद स्वरूप एवं महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में 43वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन स्वामी भजनानंद सरस्वती वनवासी सेवा आश्रम कर्दम तीर्थ केंदई झरना मोरगा में 4 मार्च से शुभारंभ किया गया। उक्त संकीर्तन 10 मार्च तक आयोजित है।

कथा के प्रथम दिवस राजपुरोहित आचार्य पं.चंद्रहास त्रिपाठी ने बताया कि कलयुग में भगवान केशव का नाम संकीर्तन ही भवसागर से पार होने के लिए नौका रूप है। उन्होंने कहा कि जो फल सतयुग में दस वर्ष तप, ब्रह्मचर्य और धर्माचरण करने से प्राप्त होता है, वही त्रेता में एक वर्ष, द्वापर में एक मास तथा कलयुग में केवल एक दिन में प्राप्त होता है। इसी कारण वेदव्यास जी ने कलियुग को श्रेष्ठ कहा है। जो फल सतयुग में योग, त्रेता में यज्ञ और द्वापर में पूजा करने से प्राप्त होता है, वही फल कलयुग में भगवान केशव का नाम कीर्तन करने मात्र से मिल जाता है। कलियुग में अत्यल्प श्रम, अत्यल्प काल में अत्यधिक पुण्य की प्राप्ति हो जाती है। गोकर्ण द्वारा भागवत कथा को श्रवण करने से धुंधकारी जैसा पापी भी मुक्ति का अधिकारी बन गया। इसलिए वर्तमान समय में लोगों को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण एवं मनन करना चाहिए।

# पल्स पोलियो अभियान दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अभियान के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी व ग्रामीण।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा ग्राम डूमरडीह में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण की ओर से डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल हारून सईद ने ग्रामीणों को गिरफ्तारी के पूर्व अपने अधिकारों की जानकारी सहित आबकारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिकतर अपराध शराब सेवन के कारण होता है। समाज से अपराध को दूर करने शराब सेवन ना करने की अपील की। प्राधिकरण की ओर से उपस्थित सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल रश्मि पासवान ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा दी जाने वाली प्राथमिक जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए बताया कि जो लोग गरीब तबके के हैं प्राइवेट अधिवक्ता नहीं रख सकते तथा जो जेल में है महिलाएं दिव्यांग व्यक्तियों को उनके मामलों में निशुल्क सलाह व पैरवी प्राधिकरण के माध्यम से की जाती है। प्राधिकरण की ओर से उपस्थित पैरालेगल वालंटियर मोहम्मद आवेश कुरैशी ने मोटरयान अधिनियम वह घरेलू हिंसा के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी। प्राधिकरण की ओर से उपस्थित पैरालेगल वॉलिंटियर अहमद खान ने ग्रामीणों को शिक्षा के अधिकार से संबंधित और नालसा की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विधिक साक्षरता शिविर में लगभग 110 की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर विधिक जानकारी से लाभान्वित हुए।

# आंधी-तूफान ने मैनपाट में मचाई भारी तबाही

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बीती रात तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हुई। कमोवेश पूरे जिलेभर में वर्षा का प्रभाव पड़ा है। मौसम कार्यालय द्वारा 11.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। पिछले दो दिनों से सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ बेमौसम वर्षा हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को 3.7 मिमी वर्षा वहीं सोमवार को 11.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। रविवार को पूरे दिन मौसम साफ रहा लेकिन रात्रि 11.30 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही गरज-चमक के साथ मध्यम वर्षा हुई। इस दौरान मैनपाट में तेज आंधी चली। आंधी-तूफान ने विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पैगा एवं सुपलगा में भारी तबाही मचाई है। आंधी से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं विद्युत लाईन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण विद्युत लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विद्युत पोल एवं लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिना सील व ...

में बंटने वाले राशनकार्ड में जनपद सीईओ के हस्ताक्षर व सील मुहर लगेगी। एक माह तक चली इस प्रक्रिया में राशनकार्ड नए बनकर आ चुके हैं और इनके वितरण का काम भी शुरु हो चुका है। नगर निगम के वार्डों में जोन मे पदस्थ निगम कर्मी राशनकार्ड का वितरण कर रहे सोमवार को शहर के महाराणा प्रताप नगर के आवासीय परिसर में निहारिका जोन के कर्मचारी राशनकार्ड वितरण करने पहुंचे थे। कुछ घरों में ही उनके द्वारा राशनकार्ड वितरण किया गया था कि उसी दौरान यह सामने आया कि जो नए राशनकार्ड बांटे जा रहे हैं उसमें न तो जोन अधिकारी के हस्ताक्षर है और न ही सील मुहर लगी है। राशनकार्ड में हितग्राहियों का ही विवरण है फोटो भी हितग्राही को स्वयं लगाना होगा। कार्ड के उपरी कवर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्य मंत्री की फोटो लगने के साथ छग राज्य का लोगो बना हुआ है लेकिन अधिकृत अधिकारी के सील और हस्ताक्षर वाली जगह खाली पड़ी हुई है। राशनकार्ड की यह स्थिति देख निगम कर्मियों ने राशनकार्ड का वितरण करना बंद कर दिया।

### शिक्षा, स्वास्थ्य...

मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# बालको अस्पताल ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में हिस्सा लिया। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 900 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने अस्पताल में नन्हे-बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत की। पल्स पोलियो कार्यक्रम में बालको अस्पताल के चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों ने बच्चों को खुराक पिलाई। दवा पिलाने के लिए बालको अस्पताल द्वारा बालकोनगर के 10 विभिन्न स्थानों पर तीन दिन दिवसीय अस्थायी शिविर लगाकर अलग-अलग टीमें तैनात की गई है। एक चलित मोबाइल वैन की मदद से भी जगह-जगह पोलियो की खुराक दी गई। बालको बस स्टैंड पर भी शिविर लगाया गया जिससे यात्रा कर रहे नन्हें बच्चों को भी दवा की खुराक दी जा सके। 4 एवं 5 मार्च को बालको अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा घर-घर टीकाकरण किया जाएगा।



पोलियो ड्रॉप पिलाते बालको के सीईओ राजेश कुमार।

### डीएसपीएम में प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में 53वां राष्ट्रीय सरंक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

# संरक्षा मानव जीवन के विकास हेतु करता है प्रेरित : कटियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में 53वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का आयोजन सोमवार को रायपुर से आये कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. के. कटियार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डा. हेमंत सचदेव के अध्यक्षता एवं अति.मुख्य अभियंता अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत तथा संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी विशेष रुप से उपस्थित रही।

कारखाना प्रबंधक संजीव कंसल के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को संरक्षा की शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस. के. कटियार ने कहा कि मानव जीवन अमुल्य है संरक्षा हमें मानव जीवन के बचाव एवं विकास के लिए प्रेरित करता है। संरक्षा के प्रति हम सभी को हमेशा जागरूक रहना है, साथ ही औरों को भी जागरूक रखना चाहिए तभी जाकर संयंत्र क्षेत्र में हम शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगें। डा. सचदेव ने कहा कि हमें काम करते समय संरक्षा के सभी उपकरणों का उपयोग करते हुये संरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। मुख्य संरक्षा अधिकारी टी.पी. सिंह ने सप्ताह भर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा सभी की सहभागिता के लिये अनुरोध किया। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों ने ठेका श्रमिको को संरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुये अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता (संरक्षा) आर.पी. टंण्डन तथा संचालन संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहा. अभियंता प्रकाश देवांगन, लीडिंग फायरमेन संतोष शुक्ला, लक्ष्मी खरे एवं विनय नेताम सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधन के अधिकारी व कर्मचारी।



4 korba-bhoomi pg4_Layout 1 3/4/2024 11:43 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### राठौर समाज की राष्ट्रीय युवा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज सिहोर में

**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय युवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह मध्यप्रदेश के सीहोर में किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिले से राठौर समाज के नागरिक भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागवताचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समाज की एकता, समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक नई दिशा, एक नई ऊंचाई पर पहुंचने के लिए राठौर समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा ऐसी बैठक समय-समय की जाती है जिससे कि राठौर समाज में अलग-अलग प्रांत में रहने वाले लोग आपस में समाज के विषय पर चर्चा कर सके। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुलेश्वर राठौर छत्तीसगढ़ प्रांत के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दुर्गेश राठौर, राष्ट्रीय युवा महामंत्री चुन्नीलाल राठौर, युवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, जितेंद्र राठौर, जगदेव राठौर, श्रेयांश राठौर एवं महिला शक्ति में माधुरी राठौर, सरिता राठौर, ज्योति राठौर, साधना राठौर, नित्या राठौर एवं राठौर समाज के अन्य सदस्य भी सीहोर पहुंच रहे हैं।

### ग्राम पंचायत गिधौरी बस्ती की सड़क कीचड़ से सराबोर



**कोरबा।** विकास की बाट जोह रहे ग्राम पंचायत गिधौरी के लोग भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्राम पंचायत के अंदर की सड़क का हाल इन तस्वीरों से ही समझ सकते हैं। गिधौरी, धनवार पारा, मुड़ाभाठा, बंधपारा, बस्ती की सड़कों की हालत खराब है हल्की बारिश से सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। सड़क निर्माण को लेकर गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से लेकर मंत्री तक अपनी गुहार लगा चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिन मौसम बरसात के बाद सड़क पर चलना दूभर हो गया है। विधानसभा चुनाव के समय पर भी लोगों ने जमकर अपनी मांग रखी थी। ग्राम वासियों की मांग है कि शासन किसी भी मद से इस सड़क का जीर्णोद्धार कराये ताकि आने-जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े आलम यह है कि लोगों को घर से निकलते ही कीचड़ से सामना करना पड़ता है ।

### सृष्टि महिला समिति द्वारा किन्नर समाज को दिया गया बेडशीट व गद्दे



**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मिश्रा और उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर तथा समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए महिला समिति द्वारा समाज के उस वर्ग के साथ समय बिताया गया, जो समाज में रहते हुए भी समाज का हिस्सा अभी भी नहीं बन पाए हैं। महिला समिति के साथ मालती किन्नर ने अपना और अपने साथीगणों के जीवन से जुड़ी कई बातें साझा की। इस अवसर पर सभी किन्नर साथियों के लिए महिला समिति द्वारा 15 नग गद्दे, 15 नग बेड शीट तथा 30 फूड पैकेट प्रदान किए गए। साथ ही साथ अध्यक्षा श्वेता पंड्या के द्वारा सभी किन्नर साथियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया कि किस तरह से शिक्षा किसी भी व्यक्ति के लिए समाज में खुद को स्थापित करने के लिए एक सकारात्मक माध्यम सिद्ध होता है। इस जागरूकता के साथ ही उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या मार्गदर्शन के लिए सृष्टि महिला समिति की ओर से आश्वस्त भी किया गया। इस कार्यक्रम में श्वेता पन्ड्या, अध्यक्षा सृष्टि महिला समिति तथा श्रीमती अंजू गायकवाड, श्रीमती प्रमिला सिंह, श्रीमती संगीता मावावाला, श्रीमती संगीता रॉय, श्रीमती दीप्ती प्रधान, श्रीमती अनुपमा सिन्हा, श्रीमती अर्चना शिन्दे, श्रीमती वाणी सुंदर बोरा, श्रीमती मंजरी भार्गव, श्रीमती सुमन डाबरिया, श्रीमती रीना रॉय, श्रीमती अपर्णा मिर्धा, श्रीमती रिंकु चौधरी, श्रीमती मीनू सिंह, श्रीमती मनोरमा शाह, श्रीमती संगीता ठाकुर, श्रीमती अंजना मिश्रा, श्रीमती बीथिका आदि उपस्थित थीं।

### असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी वाहनों में लगाई आग

**कोरबा।** मकान के बाहर गली में खड़ी कार और पिकअप में रविवार की देर रात असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। पता चलने पर मोहल्ले के लोगों ने आनन-फानन में आग को बुझाया लेकिन तब तक कार और पिकअप जल चुकी थी। पुरानी बस्ती निवासी गौरव ठाकुर की जायलो कार और पिकअप रविवार रात मकान के सामने गली में खड़ी थी। इसी दौरान किसी असामाजिक तत्व ने कार के पिछले हिस्से आग लगा दी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ।

## तीन साल से नहीं बन सका प्राथमिक शाला का भवन

# अधिकारी दफ्तर में बैठे रहे और जनजाति बसाहट क्षेत्रों के स्कूल घरों में चलते रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने वाले अधिकारी दफ्तर में बैठे रहे और जनजाति बसाहट क्षेत्रों के स्कूल घरों में चलते रहे। जनवरी माह में चले प्रधानमंत्री जनमन अभियान के दौरान अधिकारियों का दल

**खास बात**

- मामला कोरबा ब्लाक के ग्राम खम्मोन पेंड्रीडीह का

ऐसे दूरस्थ जनजाति बसाहट क्षेत्रों में पहुंचा तो वहां के ग्रामीणों ने शिक्षा की बदहाल व्यवस्था का नजारा उन्हें दिखाया जहां बीते 3 वर्ष से प्राथमिक शाला ग्रामीणों के घरों में चल रही है और स्कूल के लिए आई हुई राशि खर्च हो गई लेकिन स्कूल आज भी अधूरा पड़ा हुआ है।

जिले के जनजाति बसाहट क्षेत्रों के विकास के लिए तमाम तरह के फंड खर्च होने के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य की



नकिया पंचायत के ग्राम खम्मोन में आधा अधूरा बना स्कूल भवन।

व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नकिया के आश्रित ग्राम खम्मोन और पेंड्रीडीह की प्राथमिक शाला के लिए बनाया जा रहा नया भवन बीते 3 साल से तैयार नहीं हो सका है। जबकि 13 लाख रुपए की राशि खम्मोन प्राथमिक शाला के लिए जारी की जा चुकी है। किंतु भवन आज भी अधूरा पड़ा हुआ है और प्राथमिक शाला बुधराम कोरवा के घर में चल रही है। यही हाल पेंड्रीडीह प्राथमिक शाला का है जो मोती कोरबा के घर में संचालित हो रही है। इससे ही समझ में आता है कि जनजाति क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था के लिए कितनी गंभीरता से काम जिम्मेदारी उठाने वाले अधिकारी कर रहे हैं। पंचायत सचिव अजय कुर्रे और तत्कालीन सरपंच के द्वारा निर्माण कार्य शुरु किया गया था। इस दौरान जनपद पंचायत कोरबा में कई सीईओ बदल गए जिनमें गोपाल कृष्ण मिश्रा, रुचि शार्दुल, राधेश्याम मिर्झा, विकास चौधरी रहे। उसके बावजूद 80 किमी दूर स्कूल भवन के निर्माण को देखने जरुरत नहीं समझी गई। जनपद में पदस्थ रहे सभी सीईओ ने लंबा कार्यकाल गोपाल कृष्ण मिश्रा का माना जा रहा है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर संजय अग्रवाल पदस्थ हैं।

**जपं को लिखा गया पत्र**

खम्मोन और पेंड्रीडीह के प्राथमिक शाला भवन के निर्माण एजेंसी जनपद पंचायत को बनाया गया था। भवन के निर्माण कार्य अधूरा रहने की जानकारी मिली है। इसकी राशि भी निकाल ली गई है। भवन के लिए जनपद पंचायत को पत्र लिखा गया है। पेंड्रीडीह स्कूल का भवन जर्जर है वहां कक्षाएं नहीं लग रही है। स्कूल भवन के लिए प्राक्कल तैयार किया जा रहा है।

-**संजय अग्रवाल**, बीईओ कोरबा ब्लॉक

# लोन दिलाने और जमीन का सीमांकन कराने की फरियाद



जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष फरियाद करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को हुए जनचौपाल में पहुंचे नागरिकों में से कुछ ने कलेक्टर से रोजगार के लिए लोन दिलाने तो किसी ने अपनी जमीन का सीमांकन कराने के लिए फरियाद की। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कार्यवाही का आदेश दिया।

जन चौपाल में अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही करने के लिए भी लोग सामने आए जबकि इसके पहले अतिक्रमण की कार्यवाही को लेकर विरोध जताते रहे हैं। कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन चौपाल में लोगों ने अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, बटांकन, मजदूरी भुगतान, राशन कार्ड, मुआवजा, वन अधिकार, आर्थिक सहायता, रोजगार हेतु ऋण दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े।

## कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ



**कटघोरा।** स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में सोमवार को 43वां विष्णु महायज्ञ प्रारंभ हुआ। सुबह 9:30 बजे पंचांग पूजन के बाद करमा नित्य के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य यजमान पवन गोयल के अलावा श्री विनश पालीवाल, यज्ञ समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, विजय तिवारी, सागरमल धनोदिया, पवन अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल सहित अन्य भक्त जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। 6 मार्च को यहां निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। 10 मार्च को सामूहिक विवाह के साथ यज्ञ का समापन होगा।

### हाथियों ने ग्रामीणों के अहाता को किया क्षतिग्रस्त

**पोड़ी मोड़।** प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम सरहरी में हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। बीती रात हाथियों का दल बीच बस्ती पहुंच गया और घर सहित फसलों को नुकसान पहुंचाया। गांव के समीप जंगल में पिछले कई दिनों से डेरा जमाए हाथियों का दल दिन के समय जंगल में ही रहते है परंतु रात होते ही बस्ती की ओर पहुंच जाते है। रात्रि के समय बीच बस्ती में आने के बाद फसल सहित ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचाते है जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा केवल दिन में ही मुनादी कर वापस मुख्यालय प्रतापपुर में चल जाते हैं। जबकि रात के समय गांव के लोग हाथियों से अपनी जान बचाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों को हाथी की जानकारी होने के बाद भी गांव नहीं पहुंचते है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# शिक्षा विभाग के सहायक संचालन के खिलाफ लिपिकों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज के निलंबन के बाद विभाग में पदस्थ सहायक संचालक की

**खास बातें**

- कलेक्टर को पत्र सौंपकर कार्यवाही की रखी मांग
- छिंधपुर स्कूल में पदस्थ व्याख्याता को शिक्षा विभाग में किया गया अटैच

मनमानी के खिलाफ विभाग के लिपिकों ने मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर से इसकी शिकायत कर कड़ी कार्यवाही एवं उनको मूल शाला में वापस भेजने की मांग रखी है। उसके बावजूद सहायक संचालक को उनके मूल शाला में वापस भेजने की कार्यवाही नहीं की गई है।

कलेक्टर को प्रेषित शिकायत में विभाग के लिपिकों ने बताया कि सहायक संचालक के पद पर केआर डहरिया पदस्थ हैं। इनका मूल पद व्याख्याता है और इन्हें उनके मूल शाला छिंदपुर हाईस्कूल से शिक्षा विभाग के सहायक संचालक के पद पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय पदस्थ किया गया था। यह अटैचमेंट की श्रेणी में आता है। विधानसभा सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री ने गैर शिक्षकीय कार्य में लगे शिक्षकों को उनके मूल शाला में वापस भेजने का आदेश दिया है। किंतु श्री डहरिया अभी भी अपने पद पर पदस्थ हैं। जिनके द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज के निलंबन के पश्चात अपने आप को अधिकारी का दर्जा समझकर आदेश जारी कर रहे हैं। 1 मार्च को उनके द्वारा एक आदेश जारी किया गया कि कोई भी फाइल बिना उनके हस्ताक्षर के आगे नहीं जाएगी। जबकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। लिपिकों ने अपने शिकायत में बताया कि श्री डहरिया कर्मचारी नेता है और दफ्तर में बैठकर कर्मचारी संघ के कार्य करते रहते हैं और संघ के सदस्य भी दफ्तर में बैठते हैं जिससे विभाग के अन्य कर्मचारियों को कार्य करने के दौरान परेशानी होती है। कलेक्टर को सौंपे पत्र में लिपिक संघ ने श्री डहरिया को उनके मूल शाला में वापस भेजने एवं कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**संलग्न शिक्षक नहीं हुए वापस**

शिक्षा मंत्री के आदेश को एक माह का अधिक समय बीत चुका है और अभी भी जिले के शिक्षा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिक्षक पदस्थ होकर बाबूगिरी का काम कर रहे हैं उन्हें वापस भेजने की कार्यवाही नहीं की गई है। शिक्षकों के साथ साथ स्कूलों में पदस्थ भृत्य भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ है। रुमगरा हाईस्कूल के भृत्यु को कोरबा बीईओ कार्यालय में अटैच किया गया है। इसी तरह शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा में चार शिक्षक विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं उन्हें उनके मूल शाला में वापस नहीं भेजा गया है।

# विकास में श्रमिकों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने सोमवार को जिले के बालको में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के

**खास बातें**

- श्रम मंत्री श्री देवागन ने बालको में किया शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का शुभारंभ
- श्रमिकों के लिए शुरू हुई 5 रुपए में भोजन की व्यवस्था

लिए 5 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी श्रमिकों को भोजन परोसने के साथ भोजन किया और श्रमिकों से अपील की कि वे इस दाल-भात केंद्र में भोजन अवश्य करें।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस पहल को गरीब श्रमिकों के लिए लाभदायक बताते हुए श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिवार के



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन।



दाल भात केंद्र में भोजन करते मंत्री एवं अन्य।

लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों ने सड़क, पुल-पुलिया, महल सहित अन्य बड़े-बड़े कार्य किए हैं। उद्योग मंत्री होने के नाते उनकी भी कोशिश है कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हों और छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार मिले। दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि इस योजना को प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल सहमति दी और आज उनके प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में भरपेट भोजन उपलब्ध होगा। श्रम मंत्री ने बताया कि उन्होंने भी गरीबी को बहुत ही करीब से देखा है। इसलिए वे श्रमिकों की आवश्यकताओं को भलीभांति जान और समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 21 स्थानों पर दाल-भात केंद्र प्रारंभ है। अन्य 22 स्थानों पर भी इसका संचालन किया जाएगा। जिले में तीन स्थानों पर दाल-भात केंद्र का संचालन होगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि बहुत से श्रमिक भाई कार्य की वजह से हड़बड़ी में घर से खाना खाकर नहीं आ पाते। ऐसे में दाल-भात केंद्र के माध्यम से कम कीमत पर भोजन उनके लिए लाभदायक साबित होगा। बाल्को के सीईओ श्री राजेश कुमार ने दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किए जाने पर छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह सरकार श्रमिकों के योगदान और उनके कल्याण के विषय में सोचती है। देश को विकास की राह में आगे बढ़ाने में श्रमिकों का बड़ा योगदान है। बाल्को में लगभग 14 हजार श्रमिक हैं, जो अपने परिश्रम की बदौलत एल्यूमिनियम के उत्पादन में सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलजुल कर इस योजना को अच्छे से चलाएंगे और सभी श्रमिकों को भोजन उपलब्ध कराएंगे।

# आबकारी की कार्रवाई, 32 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में सोमवार को आशीष उप्पल आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त बांकीमोंगरा ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम देवगांव थाना दीपका निवासी सरस्वती बाई उम्र 32 वर्ष पति शन्तनुलाल को अवैध रूप से 32 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क 34(2) 59क के गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## जिले में 50 एवं 100 सीटर के 183 आश्रम छात्रावास का हो रहा संचालन

# तड़ित चालक की सुरक्षा में रहेंगे आश्रम छात्रावास के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ स्थानों में संचालित आश्रम छात्रावास के छात्र बारिश के दिनों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सुरक्षित रहेंगे। डीएमएफ के मद से पूर्व में कुछ हॉस्टल में ही तड़ित चालक लगाए गए थे। शेष में लगाने कार्य फिर से शुरु किया जाएगा। नोनबिर्रा, कुदमुरा और करतला के बालक छात्रावास में गिर चुकी है आकाशीय बिजली।

जिले में आदिमजाति कल्याण विभाग अंतर्गत 183 प्री व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावस संचालित है। 50 और सौ सीटर वाले इन आश्रम छात्रावास में अधिकांश ग्रामीण अंचलों के वनांचल क्षेत्रों में




संचालित हैं। जहां बारिश के दिनों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं आए दिन होती रहती है। दो वर्ष पूर्व करतला विकासखंड में ब्लॉक मुख्यालय में संचालित बालक छात्रावास के साथ साथ नोनबिर्रा, कुदमुरा एवं कोरबा ब्लॉक के सतरेंगा व अजगरबहार आश्रम छात्रावास में आकाशीय बिजली गिरने से छात्रावास के बिजली उपकरण उड़ गए थे। ऐसी घटनाएं पोड़ी उपरोड़ा के कोरबा चोटिया, सिर्री, पसान एवं पाली ब्लॉक छात्रावासों में घटित हो चुकी है। आदिमजाति कल्याण विभाग ने इन घटानाओं को गंभीरता से लेते हुए बालक छात्रावास एवं कन्या आश्रमों में तड़ित चालक लगाने का प्रयास किया गया था। बताया जाता है कि खनिज न्यास मद से कुछ ही बालक छात्रावास में तड़ित चालक लगे हैं शेष छात्रावास में लगना बांकी है। ऐसे आश्रम छात्रावास में अब नए सिरे से तड़ित चालक लगाने की तैयारी चल रही है। बरसात के पूर्व विभाग इसकी तैयारी में लगा हुआ है ताकि बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से छात्रावास के छात्र सुरक्षित रह सके और बिजली के उपकरण खराब होने से बच सके।

**जिले में होती है सर्वाधिक घटनाएं**

आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं औद्योगिक जिला कोरबा में अन्य जिले की तुलना में ज्यादा होने की जानकारी सामने आई है। आकाशीय बिजली की चपेट से हमेशा जनहानि होते आई है। जंगलों में चरते बेजुबान मवेशी व चौरवाहे काल के गाल में समा चुके हैं। बारिश में ग्रामीण अंचलों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में और थाने चौकी में पहुंचने वाले मामलों में सबसे ज्यादा घटनाएं आकाशीय बिजली की चपेट में मरने वालों की संख्या ज्यादा रहती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 22 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
28 मई से 10 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411